Methods Expert has been employed on contract basis by Sports Authority, of India.

(b) The details are as below:.

(1) Mr. Sergei Saveliev, Judo coach from Belarus. (2) Mr. Rustom Akromov, Football coach from Uzbekistan. (3) Dr. Vladimir Drioukov, Fencing coach from Ukraine. (4) Mr. Victor Frolov, Gymnastics coach from Khazakistan. (5) Mrs.Liudomila Aldouchenkova, Gymnastics coach from Khazakistan. (6) Mr. Jo Nam Pung, Table Teenis coach from DPR Korea. (7) Mr. Ho Kwang II, Wrestling coach from DPR Korea. (8) Dr. Alexander K. GTMT Expert from Ukraine.

(c) Yes, Sir.

(d) Probables who have qualified for forthcoming Olympic Games are being trained in the Coaching Camps in progress. These probables are also being given competition exposure by sending them for various International competitions including Asian Championships and Commonwealth Championships.

गुजरात में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का पश्चिम जोन क्षेत्रीय केन्द्र खोला जाना

2711. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या गुजरात सरकार ने गुजरात में विश्वविद्यालय अनुदान का पश्चिम जोन क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित करने हेतु केन्द्रीय सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में नवीनतम स्थिति क्या है; और

(ग) उक्त प्रस्ताव को अंतिम रूप कब तक दे दिया जाएगा?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में राज्य मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) नवंबर, 1991 में गुजरात के मुख्य मंत्री ने भारत सरकार से अहमदाबाद अथवा गांधी नगर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने का अनुरोध किया था।

(ख) और (ग) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार, आयोग ने पुणे में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है । यह निर्णय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित एक अधिकार प्राप्त समिति की सिफारिश पर आधारित था । तदनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय गुजरात में स्थापित करना संभव नहीं है।

Research Centres on Agriculture

2712. SHRI RAM DEO BHANDARI^ Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to pleased to refer to the answer to Unstarred Question 1231 given in the Rajya Sabha on 8th December, 1995 and state:

(a) whether Government have any plan to increase the number of research centres on agriculture in Bihar;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the funds allocated in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MOHD. AYUB KHAN): (a) No, Sir.

(b) The question does not arise.

(c) The question does not arise.

कीटनाशकों के कारण हुई मौतें

2713. **श्री सोमपाल** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या सरकार का ध्यान 12 अक्तूबर, 1995 के "दि इंडियन एक्सप्रेस" में प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें दिल्ली के नजफगढ़ क्षेत्र में कीटनाशकों के कारण होने वाली मौतों के बारे में बताया गया है;

(ख) क्या सरकार ने देश भर में प्रतिवर्ष हो रही ऐसी मौतों के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या निष्कर्ष हैं;

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐसा सर्वेक्षण